# आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत

## बिरसा मुण्डा जयंती के अवसर पर

## जनजातीय उद्यमिता कार्यशाला

**ग्राम कुटाम, खूंटी**

**दिनांक 17.11.2021**

आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत भगवान बिरसा मुण्डा जयंती के अवसर पर वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के शासनादेश एवं भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून के निर्देश पर वन उत्पादकता संस्थान, रांची द्वारा दिनांक 17.11.2021 को निदेशक की अगुवाई में संस्थान के एक दल द्वारा प्रदर्शन ग्राम कुटाम में "जनजातीय उद्यमिता कार्यशाला" का आयोजन किया गया जिसमे जन-प्रतिनिधि, स्वंय सहायता समुह के सदस्यों सहित लगभग 140 प्रतिभागियों एवं विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

जनजातीय सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा निदेशक की अगुवाई के पश्चात निदेशक सहित संस्थान के सदस्यों का जनजातीय परम्परा के अनुसार स्वागत किया गया एवं निदेशक, ग्राम प्रधान, सचिव के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर तथा भगवान बिरसा मुण्डा के चित्र पर पुष्पांजलि कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।
श्री करम सिंह मुण्डा एवं श्री बी.डी.पंडित द्वारा कार्यक्रम की रुपरेखा प्रस्तुत की गई। श्री बी.डी.पंडित ने बताया कि भगवान बिरसा मुण्डा को नमन करते हुए उनके आदर्शों को अपनाए तथा वनोत्पाद से उद्यमिता विकास द्वारा जीविकोपार्जन इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है।
शोभा रानी मुण्डु, एतवारी, जीतु पाहन (ग्राम प्रधान) ने बिरसा मुण्डा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके पूर्वजों द्वारा जंगल की के लिए उठाए गए कदमो को गीत के द्वारा प्रस्तुत किया। पूर्व सचिव गजेंद्र जी, जोन टोपनो ने भी गीतों के माध्यम से वन-संपदा के रक्षा, पशु-पक्षियों से प्रेम की गाथा सुनाई। दीन दयाल उपाध्याय ग्राम स्वावलम्बन के श्री सुनील शर्मा ने शिक्षा पद्धति, नशा उन्मूलन की चर्चा करते हुए स्वास्थ्य हित में रक्तदान का आह्वाहन किया। ग्राम सचिव रंजीत मांझी ने संस्थान द्वारा वनोत्पाद से उद्यमिता विकास

के लिए बिरसा मुण्डा जयंती के अवसर पर इस कार्यक्रम के लिए निदेशक एवं वन उत्पादकता संस्थान की सराहना की।

मुख्य अतिथि, वक्ता एवं संस्थान के निदेशक डा. नितिन कुलकर्णी ने सरकार की मंशा और कार्यक्रम के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होने बिरसा मुण्डा को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चर्चा की तथा झांसी की रानी द्वारा अग्रेजों के खिलाफ आंदोलन को भी याद किया। बिरसा की धरती पर कार्यक्रम करते हुए अपने आप को गौरवान्वित महसूस किया एवं कई अन्य गुमनाम शहीदों को भी नमन किया। भारत सरकार तथा प्रधानमंत्री के उद्देश्यों का जिक्र करते हुए उन्होने कहा की राष्ट्रीय स्तर पर बिरसा मुण्डा की जयंती के माध्यम से वानिकी उत्पाद एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे मुद्दों पर जागरुकता फैलाना तथा वन में रोजगार कर आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। सरकार ने जनजातीय समस्या के निदान के लिए प्रधानमंत्री जन-धन योजना की सुरुआत की गई है एवं इसी उदेश्य की पूर्ति हेतु उद्यमिता कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कुटाम ग्राम को नशा मुक्त ग्राम देखते हुए तथा यहां के जनजातीय का उत्साह देखकर हीं वन उत्पादकता संस्थान ने कुटाम ग्राम को प्रदर्शन ग्राम के रुप में गोद लिया है। केचुआ खाद उत्पादन की सुरुआत कर दी गई है एवं भविष्य में मधु, लाह उत्पादन, मश्रुम उत्पादन तथा इससे जुड़े उद्यमिता विकास पर भी वन उत्पादकता संस्थान हमेशा अपनी तकनीकी से कुटाम ग्राम को लाभान्वित करती रहेगी जिससे यह एक माडल गांव के रुप में विकसित हो सके। उन्होने आगे कहा कि युवा अपनी शक्ति पहचाने। वन उत्पादकता संस्थान विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण देकर उद्यमिता विकास में मदद करती रहेगी। जल संरक्षण, कृषि वानिकी की चर्चा करते हुए ग्रामीणों के सहयोग की सराहना की।

संस्थान के श्री बी.डी. पंडित ने कार्यक्रम के दूसरे भाग में विभिन्न वनोत्पाद से उद्यमिता विकास, बिचौलियों से बचाव, वनोत्पाद के भंडारण एवं मूल्यवर्धन के उपायों को बताया।

इस क्षेत्र के प्रमुख वनोत्पादों में इमली, महुआ, करंज, चिरौंजी, केंदु, भेलवा, आंवला, जंगली बेल आदि को संरक्षित कर मूल्यवृद्धि की तकनीक से अवगत कराते हुए इससे व्यवसाय स्थापित करने, ग्राम समुह की स्थापना करने के प्रारुपों को रेखांकित किया।

कार्यक्रम समापन के पूर्व रंजीत कुमार मांझी ने युवाओं से उपरोक्त वनोत्पाद के अलावा वन उत्पादकता संस्थान के सहयोग से और भी वनोत्पाद की पहचान करने की अपील की।

श्री करम सिंह मुण्डा ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के श्री निसार आलम, श्री बी.डी. पंडित, श्री सूरज कुमार एवं श्री करम सिंह मुण्डा की सराहनीय भुमिका रही।






आयोजित कार्यक्रम की झलकियां





आयोजित कार्यक्रम की झलकियां






आयोजित कार्यक्रम की झलकियां






आयोजित कार्यक्रम की झलकियां






**आयोजित कार्यक्रम की झलकियां**

← **Tweet**

**ifpranchi@icfre**
@ifpranchi1

@ifpranchi1 द्वारा 17/11/2021 को कुटाम आदिवासी डेमो गांव में #AKAM के तहत #BirsaJayati के अवसर पर जनजातीय उद्यमिता कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है




Twitter 17.11.2021

← Tweet

**MoEF&CC**
@moefcc

वन उत्पादकता संस्थान @ifpranchi1 द्वारा @moefcc तथा @IcfreIndia के तत्वाधान में 17/11/2021 को कुटाम आदिवासी डेमो गांव, खूंटी झारखंड में #AKAM के तहत #BirsaJayati के अवसर पर जनजातीय उद्यमिता कार्यशाला का आयोजन किया गया.

@byadavbjp
@AshwiniKChoubey
@PIBHindi



Twitter 17.11.2021

**Ifp Ranchi**
November 18 at 11:35 AM

वन उत्पादकता संस्थान @ifpranchi1 द्वारा @moefcc तथा @icfreIndia के तत्वाधान में 17/11/2021 को कुटाम आदिवासी डेमो गांव, खूंटी झारखंड में #AKAM के तहत #BirsaJayati के अवसर पर जनजातीय उद्यमिता कार्यशाला का आयोजन किया गया.. भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संस्थान के निदेशक डॉ. नितिन कुलकर्णी, ने कार्यक्रम कि शुरुआत की. कार्यक्रम के दौरान वनोत्पाद के बारे मे विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। ग्रामीणों को वनोत्पाद के संग्रहण, मूल्य संवर्धन सहित खरीद बिक्री के बारे मे तथा... See more



Facebook 17.11.2021

**दैनिक जागरण, 18.11.2021**

न्यूज ब्रीफ

## वनोत्पाद पर कुटाम में कार्यशाला आयोजित

तोरपा | जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में उद्यमिता कार्यशाला का आयोजन कुटाम में किया गया। वन उत्पादकता संस्थान रांची के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वनोत्पाद के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। ग्रामीणों को जंगल से मिले उत्पादों के संग्रहण, खरीद बिक्री सहित मूल्य संवर्धन के बारे में तथा उससे आय के बारे में बताया गया। इससे पूर्व भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा में माल्यापर्ण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस दौरान नितिन कुलकर्णी, निसार आलम, विष्णु देव पंडित, सूरज कुमार, करम सिंह मुंडा, सुनील शर्मा, तुलसी कुमार, रंजीत मांझी, हेमंती देवी, पूनम सुंडी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

**दैनिक भाष्कर, 18.11.2021**

## तोरपा में जनजातीय उद्यमिता पर कार्यशाला आयोजित



कार्यशाला के दौरान केंचुआ खाद्य को देखते निदेशक ● जागरण

संवाद सूत्र, तोरपा : वन पर्यावरण व जलवायु पर्यावरण मंत्रालय व भारतीय वानिकी अनुसंधान शिक्षा परिषद के निर्देश पर वन उत्पादकता संस्थान रांची के तत्वावधान में बुधवार को तोरपा प्रखंड के कुटाम बस्ती में जनजातीय उद्यमिता कार्यशाला का आयोजन किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पूरे देश में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इसी के तहत जनजातीय उधमिता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन वन उत्पादन संस्थान के निदेशक डा. नितिन कुलकर्णी ने दीप प्रज्वलित व बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया।